आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने गोबर खरीदी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

भिलाईनगर/ गोधन न्याय योजना के तहत जोन 02 के ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में संचालित गोबर खरीदी केन्द्र का भिलाई निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने औचक निरीक्षण किया। मॉर्निंग विजिट के दौरान आयुक्त गोबर खरीदी केन्द्र पहुंचे और कंपोष्ट पीट में केचुंआ पालन का जायजा लिये। मौके पर उपस्थित जोन आयुक्त ने बताया कि गोबर के आवक के अनुरूप खाद कंपोष्ट पीट में क्रमशः खाद बनाने के प्रक्रिया अपनाई जा रही है। वर्मी खाद उत्पादन को बढ़ावा देने और नए कंपोष्ट पीट का निर्माण किया गया शेड लगने के बाद उसमंे भी गोबर का भराव किया जाएगा। वर्मी खाद के उत्पादन को बढ़ाने 40 और नए पीट बनाए गए है, जिनका आपस में कनेक्टिविटी कर प्रभावी ढंग से वर्मी वाश तैयार करने के निर्देश दिए गए।

निगम आयुक्त श्री रघुवंशी आज मॉर्निंग विजिट के दौरान कुरूद के ट्रेचिंग ग्राउण्ड में गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट शेड एवं केचुआं पालन का अवलोकन किया और पीट में केचुंआ की स्थिति को कमजोर देखते हुए इटेलियन प्रजाति के केचुंआ पालन करने के निर्देश सोना क्षेत्र स्तर समिति के संचालिका को दिए। बारिश के के पानी से कंपोष्ट पीट की सुरक्षा हेतु पीट के चारो ओर ग्रीन नेट से कवर करने कहा गया। गोबर की आवक को देखते हुए और अतिरिक्त वर्मी कम्पोस्ट पीट निर्माण को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश जोन आयुक्त को दिये, उन्होंने कहा कि रोस्टर सिस्टम से गोबर को पीट में डाले ताकि वर्मी खाद बनाने की प्रक्रिया निरंतर जारी रहे। आयुक्त महोदय ने नए बनाए जा रहे वर्मी कम्पोस्ट पीट का मुआयना किया और गोबर से निकलने वाले स्लरी के लिए अलग से टैंक तैयार कर एकत्रित करने के निर्देश दिये , ताकि स्लरी का भी खाद के रूप में उपयोग किया जा सके। इस दौरान गोबर खरीदी केन्द्र का संचालन करने वाली महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बनाए जा रहे वर्मी खाद नमूना दिखाते हुए स्टॉक तथा इन्हें विक्रय करने की योजना के बारे में जानकारी दिए। आयुक्त महोदय ने महिलाओं से कहा कि तैयार हो चुके खाद को बोरियों में भरने के कार्य में तेजी लाने पर्याप्त लेबर की व्यवस्था करे। कुरूद ट्रेचिंग ग्राउण्ड में गोपालको से खरीदे गए गोबर से कण्डा निर्माण निरंतर जारी रखने कहा गया है यहां से बने हुए कण्डा का मुक्तिधाम में दाह संस्कार के लिए उपयोग किया जाता है। कण्डा के अच्छा विक्रय होने से महिला समिति को आर्थिक लाभ भी अर्जित हो रहा है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अशोक द्विवेदी , जोन

आयुक्त पूजा पिल्ले , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा , सहा. स्वा. अधिकारी जावेद अली , ईई टीके रणदीवे, कुलदीप गुप्ता, शंकर सुमन मरकाम, अंजनी सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।